झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

<u>पंचम झारखण्ड विधान सभा</u> | <u>द्वितीय (बजट) सत्र</u>
<u>संख्या-05</u> | <u>गुरुवार, दिनांक-05 मार्च, 2020 ई०।</u>

<u>समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 4.00 बजे अप० तक।</u>

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

इस अवसर पर मुख्य विपक्षी दल, भारतीय जनता पार्टी के सभी माननीय सदस्यों को स्लोगनयुक्त अंगवस्त्र पहनकर सदन में आये हुए देखकर आसन द्वारा भारी नाराजगी व्यक्त की गयी। इस क्रम में माननीय सदस्य, श्री भानू प्रताप शाही तथा श्री अमर कुमार बाउरी द्वारा आज अखबार में प्रकाशित समाचार जिसे माननीय सदस्य, डॉ० इरफान अंसारी के हवाले से बताया गया है, पर आपत्ति दर्ज करते हुए डॉ० अंसारी से माफी माँगने की माँग करने लगे।

(शोरगुल)

<u>1.प्रश्नकाल</u>:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-10

(क) उत्तरित मात्र-01 अ० सू०-40 श्री प्रदीप यादव, स० वि० स०।

(ख) **अनागत कुल-09,** अ० सू०-41 से अ० सू०-49 तक।

इस अवसर पर मुख्य विपक्षी दल, भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्य सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। आसन द्वारा उन्हें बार-बार बैठने हेतु आग्रह किया जाने लगा, लेकिन स्थिति यथावत् बनी रही। इस क्रम में माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री आलमगीर आलम ने आसन से आग्रह किया कि डॉ० इरफान अंसारी को अपनी बातें रखने की इजाजत दी जाय। माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव, श्री बंधु तिर्की एवं श्री दीपक बिरुवा ने भी माननीय अध्यक्ष महोदय का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि चूँकि यह विषय सदन से बाहर का है, इसलिए इसपर यहाँ चर्चा अनुचित है। आसन द्वारा भी यही बात दुहरायी गयी, परन्तु विपक्ष के माननीय सदस्य, अपनी माँगों पर अड़े रहे एवं नारेबाजी करते रहे। अंततः बाध्य होकर अव्यवस्थित माहौल को देखते हुए सदन की **<u>कार्यवाही 11.30 बजे पूर्वा० से 02.00 बजे अप० तक</u>** के लिए स्थगित कर दी गयी जिसके कारण अन्य विषय नहीं लिये जा सके।

(स्थगनोपरांत अन्तराल के बाद)

<u>माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।</u>

2.<u>विविध चर्चायें</u>:-

i- माननीय सदस्य, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह ने वरीय सदस्यों को सदन में पिछली पंक्ति में सीट आवंटित किये जाने पर आपत्ति दर्ज करते हुए वरीयता के अनुसार सीट आवंटन हेतु

क्र० पृ० उ०

आसन से अनुरोध किया गया साथ ही यह भी आग्रह किया गया कि गत दिनों से ही सदन में एक ही बात को लेकर गतिरोध जारी है क्योंकि नेता, प्रतिपक्ष को अब तक मान्यता आसन द्वारा प्रदान नहीं की गयी है, इसलिए इसका निपटारा करने की भी कृपा की जाय,

ii- माननीय संसदीय कार्यमंत्री, श्री आलमगीर आलम द्वारा इसे 10वीं अनुसूची का मामला बताते हुए इसका निपटारा सदन में किये जाने को अनुचित बताया गया जिसपर माननीय सदस्य, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह ने आपत्ति दर्ज की,

iii- माननीय सदन नेता एवं मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों को सुझाव दिया गया कि चूँकि माननीय नेता प्रतिपक्ष की मान्यता का विषय आसन के समक्ष विचाराधीन है, अतएव तत्काल किसी अन्य माननीय सदस्य को वे अपना नेता चुन लें और सदन को सुचारू रूप से चलाने में सरकार का सहयोग करें।

3.वित्तीय कार्य:-

दिनांक-03.03.2020 से वित्तीय वर्ष-2020-21 आय-व्ययक से प्रारम्भ चर्चा हेतु आसन से पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया-

श्री उमाशंकर अकेला,

श्री सुदेश कुमार महतो,

(इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन का परित्याग किया गया।)

श्री लोबिन हेम्ब्रम,

श्री सरयू राय एवं

श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह। तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, श्री रामेश्वर उराँव द्वारा उत्तर दिया गया तदुपरांत सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनांक-06.03.2020 के 11.00 बजे पूर्वा० तक स्थगित की गयी।

महेन्द्र प्रसाद,
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

राँची,
दिनांक- 05 मार्च, 2020ई०।

—x—x—